TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

17 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

एकमात्र अच्छाई ज्ञान है और

एकमात्र बुराई अज्ञानता ।

सुकरात



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

17 जनवरी

मधु प्रिया

## डी. आर. कापरेकर का जन्म 17 जनवरी




Dattaraya Ramchandra Kaprekar

दत्तात्रय रामचन्द्र कापरेकर का जन्म 17 जनवरी, 1905 को डहाणू, महाराष्ट्र में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा थाने और पुने में, तथा स्नातक की शिक्षा मुंबई विश्वविद्यालय से हुई थी। लेकिन उन्होंने गणित या किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर डिग्री की पढ़ाई नहीं की थी। वे नासिक में स्कूल टीचर थे। गणित में उच्च शिक्षा न प्राप्त करने के बावजूद उन्होंने नंबर थ्योरी पर काम किया। कुछ स्थिरांक और बहुत सी संख्यायें उनके नाम से जाने जाते हैं। वे मनोरंजात्मक गणित के क्षेत्र में जाने माने व्यक्ति थे। उच्च शिक्षा न प्राप्त करने के कारण भारत में गणितज्ञों ने उन्हें वह सम्मान नहीं दिया जो उन्हें मिलना चाहिये था। उनके पेपर भी निम्न श्रेणी के गणित की पत्रिकाओं में छपते थे। वे गणित के सम्मेलनों में अपने पैसे से जाते थे और अंको पर व्याख्यान देते थे। उन्हें कहीं से पैसों की मदद नहीं मिल पाती थी चूंकि वे केवल स्कूल टीचर थे। उन्हें भारत में सम्मान तब मिला जब उनके बारे में मार्टिन गार्डनर ने साईंटिफिक अमेरिकन के मार्च, 1975 अंक में, उनके बारे में लिखा।एक स्थान से दूसरे स्थान पर साइकिल चलाकर उन्होंने निजी छात्रों को अपरंपरागत तरीकों से पढ़ाया, खुशी-खुशी नदी के किनारे बैठकर "प्रमेय के बारे में सोचा"। उन्हें "गणितानंद" के नाम से भी जाना जाता है। इनकी मृत्यु 1986 (आयु 81)वर्ष में हो गयी।

# Teachers of Bihar
The change makers

## जन्मदिन विशेष 17 जनवरी




जावेद अख़्तर कवि और हिन्दी फ़िल्मों के गीतकार और पटकथा लेखक हैं। वह सीता और गीता, ज़ंजीर, दीवार और शोले की कहानी, पटकथा और संवाद लिखने के लिये प्रसिद्ध है। ऐसा वो सलीम ख़ान के साथ सलीम-जावेद की जोड़ी के रूप में करते थे। इसके बाद उन्होंने गीत लिखना जारी किया जिसमें तेज़ाब, **1942:** अ लव स्टोरी, बॉर्डर और लगान शामिल हैं। उन्हें कई फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार, राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार और पद्म भूषण प्राप्त हैं। **2020** में उन्हें धर्मनिरपेक्षता और फ्री थिंकिंग को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए रिचर्ड डॉकिंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।



राकेश कुमार

TOB
# खेल कॉर्नर

## सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले भारतीय vs न्यूजीलैंड





| | | |
|---|---|---|
| **रिकी पोंटिंग** | **विराट कोहली** | **सचिन तेंदुलकर** |
| ऑस्ट्रेलिया | भारत | भारत |
| 1971 रन | 1773 रन | 1750 रन |
| 50 पारी | 35 पारी | 41 पारी |




## केएल राहुल के बेस्ट वनडे स्कोर

| | | |
|---|---|---|
| **112*** | **112** | **111*** |
| **vs NZ** | **vs NZ** | **vs PAK** |
| राजकोट, 2026 | माउंट मॅन्गानुई, 2020 | कोलंबो, 2023 |

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: January 2026

**प्रथम शनिवार**

दिनांक **03.01.2026**

शीतलहर से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी



**द्वितीय शनिवार**

दिनांक **10.01.2026**

सड़क / रेल दुर्घटना से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी



**तृतीय शनिवार**

दिनांक **17.01.2026**

भूकंप के संदर्भ में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास



**चतुर्थ शनिवार**

दिनांक **24.01.2026**

बाल शोषण से बचाव एवं बाल विवाह तथा बाल अधिकार के बारे में जानकारी



**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **17.01.2026**

## गहन पठन

गहन पठन **(Deep Reading/Close Reading)** किसी पाठ को गहराई, विस्तार और बारीकी से पढ़ने की प्रक्रिया है, जहाँ आप केवल शब्दों को नहीं पढ़ते, बल्कि उनके अर्थ, लेखक के उद्देश्य, संरचना, शैली, और छिपे हुए संदेशों को समझने के लिए हर विवरण का विश्लेषण करते हैं, जो आपको पाठ से गहन जुड़ाव और आलोचनात्मक समझ विकसित करने में मदद करता है। यह सामान्य पठन से अलग है, जो आनंद या सामान्य जानकारी के लिए होता है, जबकि गहन पठन किसी असाइनमेंट, शोध, या गहरी समझ के लिए होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



बिहार के भोजपुर जिले के किसान परिवार से आने वाले **सत्यम कुमार** ने कम उम्र में ही ऐसा इतिहास रचा है, जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। महज 12 साल की उम्र में **IIT-JEE परीक्षा** पास कर वे भारत के सबसे कम उम्र के **IITians** में शामिल हुए।

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# पद्य पंकज

“

जिस मिट्टी ने लहू पिया
वो फूल खिलायेगी ही
अम्बर पर घन बन छायेगा
ही उच्छवास तुमहारा
और अधिक ले जांच,
देवता इतना क्रूर नहीं है
थक कर बैठ गए क्या राही!
मजिल दूर नहीं है।

**रामधारी सिंह दिनकर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



# ज्योतिंद्र नाथ बसु

जन्म- 8 जुलाई 1914

मृत्यु- 17 जनवरी 2010

Madhu priya

/teachersofbihar